# यमुना का पानी जल्द ही राजस्थान आएगा, इसकी डीपीआर बन रही है : सतीश पूनियां

## कोटा आए भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने दिवंगत पूर्व एमएलए विजय सिंह पलायथा और भरत सिंह के परिजनों को सांत्वना दी



सतीश पूनियां ने पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत से आवास पर जाकर मुलाकात की

- प्रवासी राजस्थानी दिवस पर मुख्यमंत्री खुद इनीशिएटिव लेकर काम कर रहे हैं : पूनियां

**कोटा,** (निसं)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनियां बुधवार को कोटा दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से भी वार्ता की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के यमुना का पानी इस शासन में राजस्थान नहीं आने के बयान पर पूनिया ने कहा कि वे खुद के 50 साल में शासन में पानी नहीं ला पाए, दूसरा कोई ला रहा है तो तकलीफ है। बीते कांग्रेस शासन में केंद्र सरकार की कोई भी योजना प्रदेश में ठीक से नहीं लागू की गई। इनमें जल जीवन मिशन या आयुष्मान भारत से लेकर कई योजनाएं हैं। सतीश पूनियां ने कहा कि यमुना का पानी जल्द ही राजस्थान आएगा। इसकी डीपीआर बन रही है।

पूनियां ने कहा कि आमजन का आंकलन है कि प्रदेश में पिछली सरकार में पेपर लीक, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बदहाल कानून व्यवस्था थी। मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में सरकार ने पेपर लीक पर अंकुश लगा दिया। बुनियादी मसलों पर काफी काम हुआ। प्रवासी राजस्थानी दिवस पर मुख्यमंत्री खुद इनीशिएटिव लेकर काम कर रहे हैं। 7 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतरे हैं। राज्य में दो वर्षों में बड़ा काम निवेश का हुआ है। इस निवेश से रोजगार का सृजन होगा। प्रदेश आर्थिक तरक्की करेगा। राजस्थान ऐसा प्रदेश है जहां एसआईआर पर शत प्रतिशत काम हुआ। कैबिनेट विस्तार पर पूछे सवाल पर सतीश पूनियां ने कहा कि दिल्ली के संपर्क वालों को जितना पता है। उतना ही मुझे पता है लेकिन चर्चाओं से अच्छा ही हो रहा है कि लोगों को उम्मीद बनी हुई है, जिस तरह कुंवारे युवक को शादी की उम्मीद बंधी रहती है। पूनिया ने चुटकी ली कि जिस तरह से कुंवारे आदमी को शादी की उम्मीद है, इसी तरह से कुछ विधायकों को मंत्री बनने की उम्मीद रहेगी। होगा क्या, यह देखने का विषय है। जब मीडिया ने पूछा की संभावनाएं है क्या इस पर पूनिया बोले कि कुंवारे आदमी की कभी न कभी तो शादी होगी।

पूनियां दिवंगत पूर्व विधायक विजय सिंह पलायथा और पूर्व मंत्री भरत सिंह के घर गए और परिजनों को सांत्वना दी। इससे पहले सर्किट हाउस में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता मुकेश विजय, लक्ष्मण सिंह खींची, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साहिल मिर्जा, जाट समाज के राम सिंह चौधरी और विवेक चौधरी आदि मौजूद थे।

**राजावत से मिलने उनके आवास पहुंचे :-** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनियां बुधवार को पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत से मिलने उनके निजी आवास पर पहुंचे। पूनियां एक निजी कार्यक्रम मे कोटा पधारे। राजावत के निवास पर आने से पहले उन्होंने सर्किट हाउस मे बीजेपी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। पूनियां ने बताया कि पहले तो विधानसभा में हमारी मुलाकात हो जाती थी, परन्तु काफी समय से मुलाकात नहीं होने के कारण मैं स्वंय राजावत से मिलने पहुंचा हूं। हम दोनों के सम्बन्ध काफी बरसों पुराने रहे हैं। इस कारण कोटा आने पर मैं राजावत से मिलने आया हूं। पूनियां के साथ पूर्व विधायक चन्द्रकांता मेघवाल भी साथ रही।

# 30 लाख के जेवर चोरी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

- बच्चे के साथ दोस्ती की, परिवार के साथ विश्वास जमाया, फिर 30 लाख के गहने चोरी किये
- तीन आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, तो वहीं एक आरोपी ने चोरी के गहनों को गलाने का काम किया था

**चिड़ावा,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बच्चे से दोस्ती और परिवार पर विश्वास जमाने के बाद करीब 30 लाख रूपए के जेवरातों की चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, तो वहीं एक आरोपी ने चोरी के गहनों को गलाने का काम किया था। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

सीआई आशाराम गुर्जर ने बताया कि चिड़ावा कस्बे के रहने वाले आरिफ ने मामला दर्ज करवाया था कि उनके पड़ौसी विशाल भालोठिया समेत उसके साथियों ने उसके 13 साल के बेटे से पहले दोस्ती की और फिर उसे डरा धमकाकर उसके आलमारी की चाबी लेकर आलमारी में रखे करीब 30 लाख रूपए के जेवरात चुरा लिए। इस मामले की जांच एसआई कैलाशचंद्र को सौंपी गई।

मामले की जांच में सामने आया कि विशाल भालोठिया ने अपने साथी विक्रांत पुत्र गौतम शर्मा, अतुल शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा के साथ मिलकर पहले आरिफ के दो बेटों से दोस्ती की। जिसके बाद तीनों का घर में भी आना जाना हो गया। आरोपियों ने आरिफ के 13 साल के छोटे बेटे से दोस्ती की, फिर उसे डरा धमकाकर पहले तो आलमारी की चाबी मंगवाई। इसके बाद एक दिन जब परिवार के अधिकतर सदस्य शादी में गए हुए थे। तब योजना बनाकर दोनों बेटों को अपने पास बुला लिया और इस प्लान में शामिल एक युवती आरिफ की पत्नी को अपने साथ लेकर चली गई। पीछे से आरोपियों ने आलमारी में रखे सारे गहने पार कर दिए। इसकी जानकारी भी करीब 20-21 दिन बाद तब सामने आई, जब आरिफ के परिवार को दूसरी शादी में जाना था और उन्होंने गहने संभाले। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में स्यालू खुर्द हाल पारस अस्पताल के पास चिड़ावा निवासी विशाल भालोठिया पुत्र अमरसिंह, चिड़ावा कस्बे के वार्ड नंबर 13 निवासी विक्रांत पुत्र गौतम शर्मा, पंचायत समिति के सामने वाली गली में रहने वाले अतुल शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा को गिरफ्तार किया है। वहीं चोरी किए गए सोने के गहनों को गलाने वाले पश्चिम बंगाल के मेदनीपुर जिले के गढबेता थाना इलाके के बालाराम गांव निवासी ज्वैलरी कारीगर बरकत अली खान पुत्र नूर आलम खान को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक युवती, जो वारदात वाले दिन योजना बनाकर आरिफ की पत्नी को अपने साथ घर के बाहर ले गई थी और अन्य शामिल आरोपियों की तलाश है।

जानकारी में सामने आया कि परिवादी आरिफ की मां विशाल भालोठिया के घर से ही दूध लाती थी। आरिफ की मां के साथ आरिफ के दोनों बेटे भी जाते थे। विशाल भालोठिया ने दोनों बेटों से दोस्ती की। लेकिन 13 वर्षीय छोटे बेटे को उसने टारगेट बनाया। उसे मोबाइल में गेम खिलाने और गाड़ियों में घुमाने ले जाता था। इसी दौरान उसने पहले तो धीरे धीरे बातों ही बातों में घर में रखे गहनों के बारे में पूछा। इसके बाद वारदात के हफ्तेभर पहले आलमारी की चाबी मंगवा ली। विशाल भालोठिया के साथ विक्रांत और अतुल भी शुरू से ही शामिल थे। आरोपियों ने आरिफ के बड़े बेटे से भी अच्छी खासी दोस्ती कर ली थी। आरिफ के बड़े बेटे का बर्थ डे मनाने के लिए भी पहुंचे थे। केक लेकर घर गए और केक काटकर बर्थ डे मनाया था।

गिरफ्तार आरोपी विशाल भालोठिया के पहले से अवैध हथियार, हत्या प्रयास, मारपीट के प्रकरण दर्ज हैं, तो वहीं अन्य आरोपी विक्रांत के भी खिलाफ भी चोरी का एक मामला दर्ज है। ये दोनों ही आपराधिक प्रवृत्ति के है। जबकि अतुल शर्मा का अभी कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, तीसरे दिन हुआ पोस्टमॉर्टम

- मारपीट का पुराना वीडियो वायरल होने से आक्रोश, कार्रवाई में जुटी पुलिस

**रायसिंहनगर,** (निसं)। यहां दहेज प्रताड़ना के मामले में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना के तीसरे दिन बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। इस मामले को लेकर इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

मृतका के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता के अनुसार उनकी बेटी की शादी 25 वर्ष पूर्व रायसिंहनगर निवासी छिन्द्रपाल पुत्र दीपाराम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पूजा को दहेज में नकदी और सामान की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पिता ने आरोप लगाया कि कई बार पंचायत में समझाइश के बावजूद प्रताड़ना का सिलसिला बंद नहीं हुआ। परिजनों का कहना है कि छिन्द्रपाल, उसकी माता काली देवी और परिवार के अन्य सदस्य वर्ष से पूजा पर अत्याचार करते रहे। परिजनों ने बताया कि 8 दिसंबर की शाम 7:47 बजे मृतका ने फोन कर बताया कि उसे फिर से बेरहमी से पीटा जा रहा है। इसके कुछ देर बाद मौत की सूचना मिली। परिजन सूरतगढ़ से तुरंत रायसिंहनगर पहुंचे, जहां उन्हें शव अस्पताल की मॉर्च्युरी में मिला। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि छिन्द्रपाल के किसी महिला से अवैध संबंध थे इसी विवाद के चलते उसकी सामूहिक रूप से हत्या किए जाने की आशंका जताई गई है। सोशल मीडिया पर पिटाई का पुराना वीडियो वायरल होने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजन इस मामले में न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

# चोरी के माल सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का इटावा के ग्राम केशोपुरा में जुलूस भी निकाला

**कोटा,** (निसं)। इटावा पुलिस टीम ने चोरी के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए चोरी के माल सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का इटावा के ग्राम केशोपुरा में जुलूस भी निकाला।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि फरियादी ने 3 दिसम्बर को इटावा थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि ग्राम केशोपुरा में से उसका पम्प सैट जुगाड़ को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गये है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उप अधीक्षक ओमप्रकाश सरावग के सुपरविजन में इटावा थानाधिकारी संदीप विश्नोई के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनिकी आधार व मुखबीर की सूचना पर नयागांव दुर्जनपुरा निवासी गिरीराज, रजोपा निवासी रामचरण एवं रजोपा निवासी त्रिभुवन को डिटेन कर अनुसंधान के बाद प्रकरण में गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने पकडे गये आरोपियों के पास से चोरी किये गये पम्पसैट जुगाड़ को भी बरामद किया।

# अजमेर दरगाह और कलैक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

## बुधवार सुबह जिला कलैक्टर को धमकी भरा ई-मेल मिला, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हुई

- ई-मेल में खुद को पूर्व तमिल टाइगर्स समर्थक और टीएनएलए नेता एस. मरन के साइबर गुरिल्ला विंग का सदस्य बताया

**अजमेर,** (निसं)। जिले में एक बार फिर ख्वाजा साहब की दरगाह और कलैक्ट्रेट को उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। बुधवार सुबह कलैक्टर लोकबंधु को आधिकारिक मेल आईडी पर भेजे गए ई-मेल में दावा किया गया कि दोनों स्थानों पर आरडीएक्स आईईडी लगाए जा चुके हैं।

ई-मेल मिलते ही कलेक्टर अपने चैंबर से बाहर आ गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वॉयड, एटीएस, ईआरटी और साइबर टीम ने कलेक्ट्रेट व दरगाह परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। दो घंटे तक की जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिसके बाद राहत की सांस ली गई। इस दौरान दरगाह परिसर में जायरीन का प्रवेश पूर्णत: रोक दिया गया।

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार पिछले दिनों 31 अक्टूबर, 4 दिसंबर, 5 दिसंबर, 8 दिसंबर, 9 दिसंबर और अब 10 दिसंबर को धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैं। धमकी के मद्देनजर सुबह 11.30 बजे दरगाह को खाली करवाया गया। जन्नती दरवाजे से लेकर मुख्य द्वार तक सभी रास्ते सील कर मेटल डिटेक्टर व डॉग स्क्वॉयड से जांच की गई। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने के बाद जायरीन को दोबारा प्रवेश दिया गया।

**ईमेल में तमिल साइबर गुरिल्ला विंग का नाम :-** ई-मेल में खुद को पूर्व तमिल टाइगर्स समर्थक और टीएनएलए नेता एस. मरन के साइबर गुरिल्ला विंग का सदस्य बताया गया है। मेल में आईएसआई और डीएमके गठजोड़ का भी उल्लेख किया गया है। पुलिस साइबर जांच के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

# व्यवसायी दंपती को 38 साल बाद मिला न्याय

**पाटन,** (निसं)। न्याय की राह भले लंबी हो, परंतु सच्चाई की विजय अंततः होती है। इस बात की मिसाल पेश करते हुए नीमकाथाना के प्रतिष्ठित व्यवसायी रामावतार अग्रवाल और उनकी पत्नी नर्बदा देवी को करीब 38 वर्ष बाद न्याय मिला है। वर्ष 1987 में थाना नीमकाथाना में दोनों तथा अन्य के विरुद्ध एक मुकदमा दर्ज हुआ था। अधीनस्थ न्यायालय ने सुनवाई के बाद सभी आरोपों से दोष मुक्त कर दिया था, परंतु राज्य सरकार की ओर से इस निर्णय के विरुद्ध अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम संख्या-1, नीमकाथाना की अदालत में अपील प्रस्तुत की गई। अभियुक्तों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीराम जाखड़ ने प्रभावी और ठोस पैरवी करते हुए अदालत के समक्ष सभी कानूनी तर्क दृढ़ता से रखे। दोनों पक्षों को विस्तृत रूप से सुनने के पश्चात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम संख्या-1 संतोष कुमार ने आखिरकार लगभग चार दशक पुराने इस प्रकरण में राज्य की अपील को खारिज करते हुए अभियुक्तगण को संपूर्ण रूप से दोषमुक्त कर दिया। लगभग 38 वर्षों तक चले इस मुकदमे के बाद आया निर्णय न केवल अग्रवाल दंपती के लिए राहत का विषय है, बल्कि यह न्याय व्यवस्था में विश्वास को भी मजबूत करता है।

# पांच मकानों व एक मंदिर में चोरी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के रायला क्षेत्र में चोरों का आतंक हो रखा है। एक ही रात में पांच मकानों और एक मंदिर में चोरी हो गई। चोरों ने रायला के कुंडिया कला में पांच मकान और रायला चौराहे स्थित मंशापूर्ण बालाजी मंदिर के ताले तोड़ दिए। चोरों ने मकानों से लाखों की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और कीमती सामान उड़ाए। लगातार हो रही चोरी की इन घटनाओं ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात्रि गश्त में लापरवाही के कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# आपसी रंजिश में युवक पर फायरिंग

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा इलाके के आकाशवाणी कॉलोनी में आपसी रंजिश के चलते कुछ बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि फायरिंग में युवक बाल-बाल बच गया, गोली युवक के पेट को छुकर निकल गई।

जानकारी के अनुसार फायरिंग में प्रताप चौक निवासी रोहित सिंगूर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। रोहित सिंगुर मंगलवार देर रात्रि को बाईक से अपने छोटे भाई के साथ आकाशवाणी कॉलोनी की तरफ से आ रहा था, तभी रास्ते में कुछ जने कार में आये और बाईक को ओवरटेक करके कार बाईक के आगे लगाकर बाईक रोक दिया और कार में सवार एक ने अचानक से दो तीन फॉयर कर दिये, हमले में गोली रोहित के पेट के पास लगी। शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी ने बताया कि फायरिंग के पीछे आपसी रंजिश का मामला सामने आया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हमले में घायल रोहित सिंगुर की शिकायत पर आशु व अन्य के खिलाफ नयापुरा थाने में मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम गठित कर हमलावरों की तलाश की जा रही है, हमले में घायल का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

# परिवार को दो बार करना पड़ा अंतिम संस्कार

- बुजुर्ग मुस्लिम की अस्थियों को अलवर में दफनाया, एक दिन पहले हुआ था हंगामा
- इतनी बड़ी चूक होने के बाद पीएमओ डॉ. सुनील चौहान ने जांच कमेटी गठित की

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में 80 साल के कैलाश और 73 साल के मोहम्मद साबिर के शवों को लेकर मंगलवार शाम हंगामा हो गया था। कैलाश के परिवार को मोहम्मद साबिर का शव सौंप दिया गया था, जिसका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया था। मामले का खुलासा होने पर परिवार को वापस बुजुर्ग कैलाश का अंतिम संस्कार करना पड़ा। वहीं मोहम्मद साबिर की अस्थियों को अलवर में ही दफनाना पड़ा। इतनी बड़ी चूक होने के बाद हॉस्पिटल प्रशासन ने जांच कमेटी गठित की है। पीएमओ डॉ. सुनील चौहान ने जांच कमेटी गठित की है। तीन दिन में जांच पूरी होगी। गलती का कारण समझकर व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। इसके अलावा हॉस्पिटल में शव की फोटो-वीडियो बनाना अनिवार्य कर दिया है, ताकि भविष्य में गलती न हो।

जानकारी के अनुसार छह दिसंबर को पुलिस को तीन अज्ञात शव मिले थे। तीनों को अलवर जिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया था। 7 दिसंबर को राजगढ़ के थानाराजाजी के गांव के लोग 80 साल के बुजुर्ग कैलाश का शव उसके परिजन लेकर गए थे। उस दिन अंतिम संस्कार कर दिया। 9 दिसंबर को पता चला कि कैलाश की जगह पाली के मोहम्मद साबिर का अंतिम संस्कार कर दिया। कैलाश का शव तो मुर्दाघर में रखा है। यह जाने के बाद सब घबरा गए। तुरंत अस्पताल आए। यहां साफ हुआ कि सच में कैलाश की जगह साबिर का अंतिम संस्कार हो गया, लेकिन साबिर भी लावारिश था। उसके परिजन नहीं थे। वह मूल रूप से पाली की मजार पर रहता था। पाली, अजमेर और अलवर में मुस्लिम समाज के लोगों को पता चला कि साबिर का इंतकाल हो गया है। शव अलवर हॉस्पिटल में हैं। उसका कोई वारिस नहीं है। ऐसे में अलवर जिला हॉस्पिटल आए। तब पता चला कि साबिर का शव गलती से थानाराजाजी भेज दिया और वहां अंतिम संस्कार हो गया। आखिर में उसकी अस्थियों को अलवर लाया गया और दफनाया गया।

# सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 1100 दिन से लगातार जारी




बड़ी संख्या में ग्रामीण रैली के रुप में नारेबाजी करते हुये जिला कलैक्ट्रेट पहुंचे।

- संघर्ष समिति रैली निकाल कलैक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर नारियल चढ़ाये, कलैक्टर ने अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये
- समिति का आरोप है कि सीमेंट प्लांट के खिलाफ एनजीटी के निर्णय की पालना कराने में खान विभाग के एएमई बाधा उत्पन्न कर रहे हैं

**कोटपूतली,** (निसं)। सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना करीब 1100 दिनों से अनवरत् जारी है। संघर्ष समिति ने अपनी मांगों को लेकर कोटपूतली में बड़ा आंदोलन किया। समिति का आरोप है कि सीमेंट प्लांट के खिलाफ एनजीटी के निर्णय की पालना कराने में खान विभाग के एएमई अमीचंद दुहारिया बाधा उत्पन्न कर रहे हैं और प्लांट से मिलीभगत कर रहे हैं। इसी के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण तख्तियां व बैनर लेकर नगर परिषद पार्क में एकत्रित हुये और रैली के रुप में नारेबाजी करते हुये जिला कलैक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शन व धरना दिया। आंदोलनकारियों ने जिला कलैक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर अपनी मांगों के प्रतीक रूप में नारियल भी चढ़ाये और जमकर नारेबाजी की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुये थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा की अगुवाई में भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट पर करीब 100 करोड़ रुपये कि अवैध खनन (लाइमस्टोन पत्थर चोरी) कि पैलन्टी निकाली गई, परन्तु बाद में केवल 37 करोड़ में मामला सैटल कर लिया। जिसकी पुनः जांच कराई जावे ओर दोषियों पर कार्यवाही की जाये एवं एएमई अमीचंद दुहारिया का स्थानान्तरण किया जाये। जिला कलैक्टर प्रियंका गोस्वामी ने प्रदर्शनकारियों की चिंताओं को देखते हुये संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल को वार्ता के लिये बुलाया। जिला कलैक्टर ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुये मौके पर ही एसडीएम रामावतार मीणा व एएमई अमीचंद दुहारिया को बुलाया और एनजीटी के निर्णय की पालना सुनिश्चित करने तथा मौके पर जाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एएमई के तबादले की मांग पर कलैक्टर ने कहा कि यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। बैठक में समाजसेवी राधेश्याम शुक्लावास, संघर्ष समिति के सचिव कैलाश यादव, भूपसिंह, सतपाल यादव सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुये।

जिला कलैक्टर के निर्देशों के बाद एसडीएम रामावतार मीणा, तहसीलदार रामधन गुर्जर, खान विभाग और अन्य अधिकारियों की टीम जोधपुरा पहुंची, जहां प्रारंभिक जांच में पता चला कि प्लांट द्वारा 500 मीटर की परिधि में खनन किया जा रहा है। हालांकि शाम होने के कारण आबादी से खनन स्थल की दूरी का सटीक मापन नहीं हो पाया, जिसके लिये बुधवार सुबह 10 बजे का समय तय किया गया।

इससे पहले जोधपुरा में जारी धरने पर ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्यायें विस्तार से रखी और यह स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर रामनिवास योगी, राकेश योगी, हरभगत, प्रभुदयाल, रामावतार यादव, हरिराम यादव समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजली पोल को लेकर दो पक्षों में विवाद

**कोटा,** (निसं)। महावीर नगर इलाके में बिजली पोल लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर हंगामा हो गया, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठियां बरसाना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार निजी बिजली के कर्मचारी जब बिजली का पोल लगाने के लिये महावीर नगर इलाके के विश्वकर्मा नगर में पहुंचे तो एक हार्डवेयर दुकानदार और होटल मालिक के बीच पोल को आमने-सामने ना लगाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में एक-दूसरे पर डंडे बरसाने शुरू कर दिये। महावीर नगर थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह ने बताया कि निजी बिजली कंपनी द्वारा पोल लगाने की कार्यवाही की जा रही थी, जिसको लेकर दो पक्षों में हंगामा हुआ था। हार्डवेयर दुकानदान ने शिकायत दी है। जिस पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

# वूमेनिया प्रदर्शनी के पोस्टर का विमोचन किया

**कोटा,** (निसं)। भारतीय महिलाएं घरों में खाली बैठने के बजाय कुछ न कुछ बनाती रहती हैं। ऐसी महिलाओं को उद्यमिता की ओर अग्रसित करके एवं पहले से मौजूद महिला उद्यमियों की अपेक्षाओं एवं आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टी से कैट वीमेन विंग व श्री धाकड़ महासभा महिला ईकाई, कोटा महानगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वूमेनिया-लाइफ़स्टाइल एक्जीबिशन की पहल महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत करने में सहायक होगी। यह उद्गार वूमेनिया-लाइफ़स्टाइल एक्जीबिशन के पोस्टर का सर्किट हाऊस स्थित सभागार में विमोचन करते हुये डॉ. सतीश पूनियां ने कहे।

झालावाड़ रोड स्थित माहेश्वरी भवन में दो दिवसीय आगामी 13-14 दिसम्बर को आयोजित वूमेनिया-लाइफ़स्टाइल एक्जीबिशन में एक ही छत के नीचे भारत के विभिन्न प्रांतों के उत्पाद मिलने से शहरवासियों को शॉपिंग की सुविधा मिलेगी। यहां लोग परिवार सहित खरीदारी के साथ फूड कॉर्ट का आनंद ले सकेंगे। एक्जीबिशन में एक ही छत के नीचे हर तरह के उत्पादों की स्टॉल्स है। फूड जोन में लोग स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। केट वीमेन विंग व श्री धाकड़ महासभा महिला ईकाई कोटा महानगर द्वारा महिलाओं के उत्थान के साथ-साथ उनकी आवश्यकताओं व सहयोग के लिये भी समर्पित रूप से कार्य कर रहा है। पोस्टर विमोचन के अवसर टीम की नीलम विजय तृप्ति नागर, भाविका प्रीत रमानी, चंचल नगर, प्राची शर्मा, एडवोकेट तनीषा बादल, मिलन सुवालका, आकांक्षा गुप्ता, वंदना नागर, कल्पना नागर, सरोज नागर, रीना विजय, नंदिनी विजय, भावना नागर और सुनीता नागर उपस्थित रही।